# पाठ-योजना

CORDOVA™

**अध्यापिका/अध्यापक** :

**पुस्तक** : उड़ान हिंदी पाठमाला भाग-8

**विषय** : हिंदी **दिनांक :** ......................

**उपविषय** : लोहे के पेड़ हरे होंगे, पाठ-8 **अवधि :** 3-4 वादन

| पाठ संख्या | सुनना, बोलना और पढ़ना | चिंतन | लिखना | गतिविधियाँ | जीवन मूल्य तथा पारिवारिक, सामाजिक व राष्ट्रीय चेतना |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | सस्वर वाचन, शुद्ध उच्चारण, प्रश्नोत्तर, समस्या पर विचार प्रकट करना, अर्थ को स्पष्ट करना। | प्रत्यास्मरण, विस्तृत विवरण, चिंतनात्मक पठन, संदेश, निष्कर्ष, कारण, समस्या का समाधान, आशय। | समास-विग्रह, अनुपयुक्त पर्याय, पंक्तियाँ पूरी करना, युग्म-शब्दों का वाक्य-प्रयोग, पद्यांश पर आधारित, अति लघु, लघु तथा निबंधात्मक प्रश्न। | संवाद, कारण लिखना, अतिरिक्त पठन, संग्रह, काव्य पाठ, सभा आयोजन। | उत्साह, आत्मविश्वास, आशावाद, प्रेम और त्याग की भावना। |

**सामान्य उद्देश्य** :
1. छात्रों में शुद्ध वाचन तथा पढ़ने-लिखने के कौशल का विकास करना।
2. अपने विचारों को सही प्रकार से प्रकट करने का ज्ञान व अभ्यास कराना।
3. वर्तनी संबंधी अशुद्धियों को दूर करने का प्रयास करना।
4. छात्रों के शब्द भंडार में वृद्धि करना।
5. प्रश्नों के उत्तर को भली-भाँति लिखने का अभ्यास कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य** :
1. शुद्ध रूप में आनंद भाव से 'कविता' का लयबद्ध गान कराना तथा कविता के माध्यम से बताना कि हरे-भरे पेड़ों की जगह लोहे के सरिए और पक्की इमारतें ले रही हैं। लेकिन लगन और मेहनत से हम लोहे के पेड़ को हरे कर देंगे तथा आशावदी होने के लिए प्रेरित करना।
2. समास-विग्रह का ज्ञान कराना तथा पर्यायवाची शब्दों का ज्ञान कराना।

**सहायक सामग्री** : श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, चार्ट आदि।

**पूर्वज्ञान-परीक्षा** : अध्यापिका/अध्यापक छात्रों की पूर्वज्ञान परीक्षा लेने के लिए छात्रों से पूछेंगे कि क्या आपको ऐसा लगता है कि हरे पेड़ों की संख्या कम हो रही है? हरे पेड़ों की जगह कौन ले रहे हैं? आप आशावादी से क्या समझते हैं? आदि।

**उद्देश्य-कथन** : अध्यापिका/अध्यापक प्रश्नों के उत्तर संतोषजनक या असंतोषजनक पाकर अपने उद्देश्य की घोषणा करेंगे कि बच्चो, आज हम 'लोहे के पेड़ हरे होंगे' पाठ-8 कविता का अध्ययन करेंगे।

**कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से मूलपाठ सहित पाठ को दर्शाएँगे।

**शिक्षण-बिंदु** : 'लोहे के पेड़ हरे होंगे' पाठ-8 के प्रश्नों के उत्तर छात्रों की सहायता लेते हुए कराए जाएँगे।

| अध्यापिका/अध्यापक क्रियाएँ | छात्र-क्रियाएँ |
|---|---|
| प्र.1. किसके सपनों के लिए किसको मार्ग देना होगा? | उ. जीवित सपनों के लिए मुर्दों को मार्ग देना होगा। |
| प्र.2. जग का सूरज कैसा लगता है? | उ. जग का सूरज बूझा-बूझा सा लगता है। |
| प्र.3. किसके गान को गाने के लिए कहा है? | उ. प्रेम के गान को गाने के लिए कहा है। |

**पाठ पढ़ाने के पश्चात–**

**मौखिक** : सर्वप्रथम अध्यापिका/अध्यापक कठिन शब्दों का उच्चारण कराएँगे तथा पाठ से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछेंगे।

जैसे– प्र. आज पेड़, हरियाली और प्रेम का स्थान किसने ले लिया है?

उ. आज पेड़, हरियाली और प्रेम का स्थान लोहे के सरिए और पक्की इमारतों ने ले लिया है।

इसी प्रकार से सभी प्रश्नों को मौखिक रूप में पूछेंगे। तत्पश्चात–

**लिखित** : प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में करवाने से पहले मौखिक रूप में पूछेंगे। तत्पश्चात लिखवाएँगे।

1. सर्वप्रथम समस्त पद और समास-विग्रह के बारे में बताएँगे। तत्पश्चात उचित समास-विग्रह में सही (✓) का निशान लगवाएँगे।
2. प्रत्येक शब्दों के अर्थ बताएँगे। तत्पश्चात अनुपयुक्त पर्याय शब्दों में गोला लगवाएँगे।
3. कविता की पंक्तियों को पूरा करवाएँगे।
4. युग्म शब्दों के अर्थ बताएँगे। तत्पश्चात वाक्य में प्रयोग करवाएँगे।
5. **कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से संकेत पद्यांश को दर्शाएँगे। तत्पश्चात प्रश्नों के उचित उत्तर में सही (✓) का निशान लगवाएँगे।
6. अति लघु प्रश्नों को भली-भाँति समझाएँगे। तत्पश्चात संक्षेप में प्रश्नों के उत्तर लिखवाएँगे।
7. लघु प्रश्नों को तथा निबंधात्मक प्रश्नों को ठीक प्रकार से समझाएँगे। उसके बाद सीमा के अंतर्गत प्रश्नों के उत्तर लिखवाएँगे।
8. **कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से संकेत पद्यांश को मूलपाठ सहित दर्शाएँगे। उसके बाद उन पंक्तियों के भावार्थ लिखवाएँगे।

**आओ अब कुछ बात करें** : 'दिनकर जी' से संबंधित विषय पर संवाद करवाएँगे।

भूकंप से संबंधित विषय पर क्लास में चर्चा करवाएँगे।

'कविता' को लयबद्ध सुनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

**परियोजना निर्माण** : 'दिनकर जी' की कविताओं का संग्रह करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करेंगे तथा आज के युग में लोहे के पेड़ उगने का कारण लिखने के लिए कहेंगे।

**निष्कर्ष** : आनंद भाव से लयबद्ध कविता का गान किया तथा बच्चों ने जाना कि आज हरे पेड़-पौधे की जगह लोहे की सरिया ने ले ली है। तथा बच्चे पुनः लोहे के सरिए को हरियाली में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित हुए।

समास-विग्रह से अवगत हुए तथा पर्यायवाची शब्दों के बारे में जाना।

**कक्षा-कार्य निरीक्षण** : अध्यापिका/अध्यापक कक्षा में छात्रों को लिखवाए गए प्रश्नों के उत्तर का निरीक्षण करेंगे तथा अशुद्धियों को ठीक कराएँगे।